an>

Title: Need to expedite the construction and maintenance of National Highway No. 828A between Piprakoti and Raxaul, Bihar.

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण) : अध्यक्ष जी, आपने मुझे नेशनल हाईवे 28ए और 28बी के मुद्दे को सदन में उठाने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं। यह एकमात्र नेशनल हाईवे है जो कि दिल्ली से काठमांडू और कोलकाता से काठमांडू को जोड़ता है। इतना ही नहीं, नेपाल एक लैंड लॉक्ड कंट्री है, उसका अपना कोई बंदरगाह नहीं है। मेरे संसदीय क्षेत्र रक्सौल में एक बंदरगाह है जहां जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 28ए एकमात्र रास्ता है। अभी प्रधानमंत्री जी नेपाल गए थे और वहां उनका बहुत स्वागत हुआ था। उन्होंने नेपाल को दस हजार करोड़ रुपए अनुदान की राशि वहां डेवलपमेंट के लिए दी है। यह सड़क आठ अप्रैल को बन जानी चाहिए थी और पूरे नेपाल की एकमात्र डिमांड है क्योंकि उनका कोई भी कंटेनर जाता है, वह रास्ते में टूट जाता है। इस कारण नेपाल जाने का रास्ता चार-चार दिनों तक के लिए बंद हो जाता है। यहां तक कि उनके खाने-पीने की तंगी हो जाती है।

मेरा अनुरोध है कि उस कांट्रेक्टर पर कार्रवाई की जाए और इस राष्ट्रीय राजमार्ग को शीघ्र बनाया जाए, जिससे कि भारत-नेपाल के संबंध बेहतर हो सकें।

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): अध्यक्ष जी, मैं अपने को डॉ. जायसवाल द्वारा उठाए गए मुद्दे से संबद्ध करना चाहता हूं।